## न्यूज डायरी



### कोविड–19 की दवा का क्लीनिकल ट्रायल, जल्द मिलेगी कामयाबी?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में कोरोनावायरस के मरीजों के इलाज के लिए दवा का क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है और इसके तीसरे चरण में पॉजिटिव रिजल्ट आए हैं। रेम्डेसिविर नाम की यह दवा कंपनी गिलीड साइंसेज ने बनाई है और डॉक्टरों की एक टीम इसके क्लीनिकल ट्रायल पर नजर रख रही है। इस टीम में भारतीय मूल की एक फिजिशियन भी शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि शुरुआती नतीजों के मुताबिक कोविड–19 के जिन मरीजों को 5 दिन तक रेमडेसीवेर की खुराक दी गई, उनमें से 50 फीसदी की हालत में सुधार आया और आधे से अधिक मरीजों को दो हफ्ते के भीतर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। दवा के तीसरे दौर के क्लीनिकल ट्रायल को मंजूरी की प्रक्रिया में अंतिम कदम माना जाता है। इस ट्रायल पर नजर रख रही टीम में शामिल भारतीय मूल की फिजिशियन अरुणा सुब्रमण्यन ने कहा, इसके नतीजे उत्साहजनक हैं।

### वुहान लैब में चमगादड़ पर रीसर्च में ट्रंप के सलाहकार का भी रोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। कोरोना वायरस को फैलाने के लिए चीन की वुहान लैब पर दुनिया भर में शक जताया जा रहा है। वुहान लैब की फंडिंग में क्या अमेरिका में प्रेजिडेंट डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार डॉक्टर एंथनी फॉउसी की भी भूमिका है, ये सवाल अब विदेशी मीडिया में उठ रहे हैं। फॉउसी को मेडिकल क्षेत्र का हीरो माना जाता है। महामारी के इस वक्त यूएस में हुए एक सर्वे में लोगों ने ट्रंप से ज्यादा भरोसा फॉउसी पर जताया था। फॉउसी अमेरिका की एनआईएआईडी के अध्यक्ष हैं। इस संस्था पर हाल में कई सवाल उठे हैं। रपटों में दावा किया गया कि संस्था ने चीन के वुहान इंस्टिट्यूट ऑफ वायरोलॉजी और दूसरे संस्थानों को करोड़ों रुपये का फंड दिया है। यह पैसा चमगादड़ पर रीसर्च के लिए दिया गया। कई वैज्ञानिकों ने चेताया कि जिस 'गेन ऑफ फंक्शन रिसर्च' के लिए (एनआईएआईडी) की ओर से फंड दिया जा रहा है, वह काफी खतरनाक है।

### यूएस का सबसे बड़ा मॉल ऑपरेटर सिमन ग्रुप खोलेगा अपने 49 शॉपिंग सेंटर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। दुनिया भर में कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित हुए अमेरिका के सबसे बड़े मॉल ऑपरेटर समूह सिमन ग्रुप ने अपनी प्रॉपर्टीज को फिर से खोलने का फैसला किया है। सिमन ग्रुप ने ऐलान किया है कि वह अमेरिका में मौजूद अपने 49 शॉपिंग सेंटर्स को फिर से लोगों के लिए खोलेगा। हालांकि इस फैसले के साथ मॉल में पूरे सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। सिमन ग्रुप के प्रवक्ता ने बताया कि उनकी कंपनी शुक्रवार से अमेरिका के 10 राज्यों के अलग–अलग इलाकों में मौजूद अपने 49 शॉपिंग सेंटर आम लोगों के लिए खोलेगी। मॉल के अंदर कोरोना से बचाव के पूरे सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। इसके अलावा यहां तैनात सुरक्षाकर्मी और कर्मचारी लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग और हाइजीन के बारे में जागरुक करेंगे।

### बाथरूम में भरे रहते हैं शव, रात को सपने में दिखते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्वीटो। कोरोना वायरस के मरीजों का इलाज करके जब ये नर्स 24 घंटे की शिफ्ट के बाद अपने घर जाते हैं तो थकान से सो जाते हैं लेकिन डरावने सपने इन्हें सोने नहीं देते। वह बयान करते हैं, मैं देखता हूं कि मैं दौड़ते–दौड़ते बाथरूम के दरवाजे से टकराकर अंदर गिर जाता हूं और सामने ढेर सारे शव होते हैं। इसके बाद आप सो नहीं सकते। लैटिन अमेरिका के इक्वाडोर में कोरोना वायरस ने जो तबाही मचा रखी है, उससे किसी की भी रूह कांप सकती है। खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर की मार झेल रहे गुआकिल के अस्पतालों में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई कि मुर्दाघर भर गए और शवों को बाथरूम में रखना पड़ गया है। इक्वाडोर में 23,000 कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आ चुके हैं और 600 लोगों की मौत हो चुकी है। यहां तक कि हालात इतने खराब हैं कि बाथरूम में भी शवों के ढेर जैसे लग चुके हैं।

# कोरोना काल में फेसबुक के बेताज बादशाह रहे पीएम मोदी

**टक्कर**

## डोनाल्ड ट्रंप से ज्यादा पीएम मोदी के पेज की रीच

■फेसबुक पर लोकप्रियता में नंबर वन रहे पीएम मोदी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना काल में फेसबुक के बेताज बादशाह रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, डोनाल्ड ट्रंप से मिली कड़ी टक्कर कोरोना वायरस के प्रकोप से पूरी दुनिया बेहाल है। इस महामारी से अब तक विश्वभर में दो लाख 28 लोग मारे गए हैं। कोरोना की वजह से दुनिया की आधी आबादी अपने घरों में कैद है। इस वैश्विक महासंकट की घड़ी में विश्वभर के नेता फेसबुक के जरिए न केवल लोगों से वह जोड़ रहे हैं, उन्हें इस महामारी से लड़ने के लिए उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। जनता से सीधे कनेक्शन जोड़ने के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप समेत दुनियाभर के दिग्गज नेताओं को पीछे छोड़ दिया है।

सोशल मीडिया पर निगरानी रखने वाली बहुराष्ट्रीय पीआर कंपनी बीसीडब्ल्यू ने अपनी ताजा रिपोर्ट जारी कर दी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद को जनता से जोड़ने के लिए फेसबुक को जोरदार इस्तेमाल किया है। पीएम मोदी फेसबुक पर दुनियाभर के नेताओं में सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। पीएम मोदी के निजी पेज को 4 करोड़ 47 लाख लोगों ने लाइक किया है। वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय के फेसबुक पेज को एक करोड़ 37 लाख लोगों ने लाइक किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरे सबसे ज्यादा लोकप्रिय नेता हैं। ट्रंप के पेज को दो करोड़ 60 लाख लोगों ने ही लाइक किया है। जार्डन की क्वीन रानिया लोकप्रियता में तीसरे नंबर पर हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फेसबुक पेज को भले ही 4 करोड़ से ज्यादा लोगों ने लाइक किया हो लेकिन उनके फॉलोवर्स तक उनकी रीच 3.8 प्रतिशत ही है। इस मामले में भी मोदी ट्रंप से आगे हैं। ट्रंप के फेसबुक पेज की रीच 3.3 प्रतिशत ही है। रीच के मामले में सबसे अच्छा प्रदर्शन ब्राजील के राष्ट्रपति जैर बोलसोनारो की है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 12 महीने में फेसबुक पोस्ट पर लाइक, कॉमेंट और शेयर के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम मोदी से आगे हैं। ट्रंप की पोस्ट पर 30 करोड़ 90 लाख लाइक, कॉमेंट और शेयर हुए हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति 20 करोड़ 50 लाख इंटरैक्शन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। वहीं पीएम मोदी के पोस्ट पर 8 करोड़ 40 लाख इंटरैक्शन हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नवरात्र में शेयर किए गए मां जगदंबा के वीडियो पर सबसे ज्यादा इंटरेक्शन हुआ है। इस विडियो पर करीब 17 लाख कॉमेंट, लाइक और शेयर हैं। किसी भी वैश्विक नेता के ओर से फेसबुक पर शेयर किए गए वीडियो में यह सबसे ज्यादा देखा गया है। मां जगदंबा की पूजा के इस वीडियो को दो करोड़ 11 लाख व्यूज मिले हैं। यही नहीं फेसबुक के शीर्ष 5 इंटरेक्शन वाले वीडियो में सभी पीएम मोदी के हैं।

## अब फैसले नहीं ले रहे हैं तानाशाह किम जोंग उन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग–उन के स्वास्थ्य के बारे में चल रही अटकलें और तेज हो गई हैं। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि उन्होंने आधिकारिक फैसले लेने बंद कर दिए हैं। जापान के एक पब्लिकेशन ने यह दावा किया है। गेंदई बिजनस की एक रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी ने किम को मंजूरी और हस्ताक्षर के लिए कुछ प्रस्ताव भेजे थे लेकिन इनसे जुड़े दस्तावेज वापस नहीं आए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कई सरकारी दफ्तरों को अप्रैल के मध्य से किम के हस्ताक्षर किए हुए दस्तावेज नहीं मिले हैं। ऐसी खबरें हैं कि किम की मौत हो गई है या वह बहुत बीमार हैं। हालांकि इन खबरों की कोई पुष्टि नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और दक्षिण कोरिया का दावा है कि वे जानते हैं कि किम कहां हैं।

किम ने अपने दादा किम इल–सुंग की जयंती पर आयोजित समारोहों में हिस्सा नहीं लिया था और तभी से उनके बारे में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि उनकी बहन किम यो–जोंग ने सत्ता संभाल ली है। गेंदई बिजनस ने दावा किया है कि उत्तर कोरिया में उच्च पद पर आसीन एक असंतुष्ट से बात की थी।



**हिमालय की गोद में मासूम बच्चे का डांस जगा रहा उम्मीद**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहे पाकिस्तान में इस महामारी से अब तक 343 लोगों की मौत हो गई और 15 हजार से ज्यादा लोग इससे संक्रमित हैं। इस महासंकट के बीच गिलगित–बाल्टिस्तान के बच्चे का वीडियो खौफ और गम में जी रहे लोगों के दिल को काफी सूकून दे रहा है। वर्ल्ड डांस डे पर संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनिसेफ ने इस विडियो को शेयर किया है। यूनिसेफ ने बताया कि इस बच्चे का नाम मोहम्मद है। बताया जा रहा है कि यह बच्चा पाकिस्तान के कब्जे वाले भारतीय इलाके गिलगिट और बाल्टिस्तान का रहने वाला है।

## कोरोना वायरस से जूझ रही है दुनिया के लिए खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रेमडेसिविर दवा का मरीजों पर जादुई असर

वॉशिंगटन। कोरोना वायरस से जूझ रही दुनिया के लिए बहुत अच्छी खबर है। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने कहा है कि इबोला के खात्मे के लिए तैयार की गई दवा रेमडेसिविर कोरोना वायरस के मरीजों पर जादुई असर डाल रही है। अमेरिकी वैज्ञानिकों की इस घोषणा के बाद अब इस महामारी से जंग में दुनियाभर में उम्मीदें काफी बढ़ गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार डॉक्टर एंथनी फाउसी ने कहा, आंकड़े बताते हैं कि रेमडेसिविर दवा का मरीजों के ठीक होने के समय में बहुत स्पष्ट, प्रभावी और सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रेमडेसिविर दवा का अमेरिका, यूरोप और एशिया के 68 स्थानों पर 1063 लोगों पर ट्रायल किया गया है। इस ट्रायल के दौरान यह पता चला कि रेमडेसिविर दवा इस वायरस को रोक सकती है।

इससे पहले रेमडेसिविर दवा इबोला के ट्रायल के दौरान फेल हो गई थी। यही नहीं डब्ल्यूएचओ ने भी अपने एक सीमित अध्ययन के बाद कहा था कि वुहान में इस दवा का मरीजों पर सीमित असर पड़ा था। वुहान में ही कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया था। उधर, रेमडेसिविर दवा पर हुए इस ताजा शोध पर डब्ल्यूएचओ के वरिष्ठ अधिकारी माइकल रेयान कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

डॉक्टर फॉउसी के इस ऐलान के बाद पूरी दुनिया में खुशी की लहर फैल गई है। उन्होंने यह ऐलान ऐसे समय पर किया है जब कोरोना के कहर से दुनियाभर में 228,239 लोगों की मौत हो गई और 32 लाख से ज्यादा लोग इस महामारी से संक्रमित हैं। अमेरिका कोरोना वायरस का गढ़ बन चुका है। पिछले 24 घंटे में अमेरिका में कोरोना वायरस से 2,502 लोगों की मौत हो गई है। देश में इस संक्रामक रोग से अब तक कम से कम 60,853 लोग जान गंवा चुके हैं।

### धमकाने के आरोप से बरी हो सकती हैं कैबिनेट मंत्री प्रीति पटेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटिश मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक आंतरिक जांच में ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल के उन आरोपों से मुक्त होने की पूरी उम्मीद है, जिनमें कहा गया था कि उन्होंने अपने कार्यालय और उनके तहत आने वाले अन्य दफ्तरों में लोकसेवकों को धमकाया। आधिकारिक रूप से जांच अभी जारी है लेकिन पटेल के सहयोगियों का दावा है कि अधिकारियों ने सभी जानकारियों की समीक्षा की है और भारतीय मूल की वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं पाया है।

द डेली टेलीग्राफ ने बुधवार को कहा कि कैबिनेट सचिव सर मार्क सेडविल द्वारा पिछले हफ्ते रिपोर्ट पूरी कर ली गई थी और प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के कोरोना से ठीक होकर सोमवार को '10 डाउनिंग स्ट्रीट' लौटने पर उन्हें यह रिपोर्ट सौंप दी गई। पटेल के रोजगार मंत्री रहने के दौरान उनके साथ कार्य और पेंशन विभाग में काम कर चुके पूर्व मंत्री इयान डंकन स्मिथ ने अखबार को बताया, 'जांच में यह बिल्कुल स्पष्ट था कि उनके (पटेल के) खिलाफ कोई आरोप नहीं था, न ही उस समय उनसे कोई पूछताछ की गई थी।